राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–3

राजभवन देहरादून/नई दिल्ली 11 जुलाई, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरुवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें गृह मंत्री के रूप में दूसरे कार्यकाल हेतु बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान राज्यपाल ने गृह मंत्री से वाइब्रेंट विलेज योजना की प्रगति, प्रदेश में महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों और होम स्टे के विस्तार के संबंध में चर्चा की।

इस अवसर पर राज्यपाल और गृह मंत्री के बीच उत्तराखंड पुलिस के आधुनिकीकरण और साइबर चुनौतियों की तैयारियों सहित नरेंद्र नगर स्थित पुलिस ट्रेनिंग अकादमी के आधुनिकीकरण आदि विषयों के संबंध में विस्तृत और सार्थक चर्चा हुई, और प्रदेश में मानसून और आपदा प्रबंधन की तैयारी के संबंध में भी वार्ता हुई।

............0............